मेरा बाबा आ रहा है,
मेरा बाबा आ रहा हैं,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा रहा हैं।।

घुंघराले काले बालो में,
कंघी करा रहा हैं,
काले काले केसुओ की,
अलके सजा रहा हैं,
जुड़ा बना रहा हैं,
जुड़ा बना रहा है,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा आ रहा हैं।।

पचरंगी रेशम धागों की,
पगड़ी प्रेमी लाये,
सुंदर सुंदर मोती वाले,
तुर्रे भी संग लाये,
पगड़ी बंधा रहा है,
पगड़ी बंधा रहा हैं,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा आ रहा हैं।।

रंग बिरंगे फूलो संग,

केसरिया बागा लाये,
चंपा बेला केसर चन्दन,
इत्र बहुत से भाये,
कलिया सजा रहा हैं,
इत्तर लगा रहा हैं,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा आ रहा हैं।।

हारो को सहारा देने,
लीले चढ़ आया हैं,
व्यास हरि चरणों का चेरा,
दर को सजा रहा हैं,
भजनों को गा रहा हैं,
बाबा को रिझा रहा हैं,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा आ रहा हैं।।

मेरा बाबा आ रहा है,
मेरा बाबा आ रहा हैं,
ताली तो बजा दो,
मेरा बाबा रहा हैं।।

भजन प्रवाहक महंत हरि भैया।
8819921122

Source: https://www.bharattemples.com/mera-baba-aa-raha-hai-bhajan/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw